आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

दैनिक
# परिहार गर्जना

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916 सह संपादक - दद्दा ललौनी

वर्ष 13 | अंक 06 | छतरपुर, शनिवार 27 जुलाई 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# पन्ना जिले मे प्रजातंत्र या राजतंत्र

## जन प्रतिनिधियो तथा आम जनता से नहीं मिलते है कलेक्टर

**-तीन तीन घंटा करना पड़ता है इन्तजार**

**-जन सुनवाई में भी नही बैठते है कलेक्टर**

**-आम लोगो के फोन भी कभी नही उठाते**

**-आखिर क्या होगा इस पिछडे पन्ना जिले में**



**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/देश मे जहां एक ओर कहा जाता है कि प्रजा तंत्र की सरकारे चल रही है तथा शासकीय अधिकारी आम जनता के सेवक है लेकिन सत्तर साल बीत जाने के बावजूद आज भी अनेक अधिकारी अपने आप को राजा से कम नही मांनते है तथा आम पब्लिक से दूरी बनाकर राजाओं की तरह अपने आप को मानने लगें है। क्योकि क्योकि विगत चार माह पूर्व पन्ना मे पदस्थ हुए कलेक्टर सुरेश कुमार जहां एक ओर आम जन प्रतिनिधियों को मिलने के लिए तीन तीन घंटा तक बाहर बैठाते हैं वहीं दूसरी ओर आम जनता का मिलना तो मुश्किल है, उनको शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जन सुनवाई करने के आदेश दिये गये है तथा आम जनता की समस्याओं का सहानुभूति पूर्वक निराकरण करने की सरकार की मंशा है। लेकिन वह कभी भी जन सुनवाई में भी नही बैठते है। अपने अधिनस्थ अधिकारीयों को ही जन सुनवाई मे बैठाकर औप चारिकता पूरी कर रहें है। लोगो द्वारा विशेष समस्याओं के लिए यदि मोबाईल लगाया जाता है तो उनके द्वारा कभी भी रिसीव नही किया जाता है। जिला चिकित्सालय का भ्रमण भी चार माह के अन्दर एक बार भी नही किया गया। जबकी जिले की स्वास्थ व्यवस्थाए एवं जिला चिकित्सालय की स्थिती बदतर बनीं हुई है। आम लोग भारी परेशान है। उसके बावजूद वह जिला चिकित्सालय पंहुचने की जहमत भी नही उठाते है। जिले का भी भ्रमण उनके द्वारा नहीं किया जाता है। इस पिछडे जिले मे अधिकारीयों पर नकेल कसने के लिए जिम्मेवार जन प्रतिनिधि, सासंद, विधायक भी उदासीन बनें हुए है। जिससे आम जन मानस भारी परेशान है।

**मोहन सरकार में क्यों बेलगाम है पन्ना कलेक्टर**

लोगों का कहना है कि प्रदेश की डॉ.मोहन यादव की सरकार द्वारा जनता के हित में अनेक काम किये जा रहे हैं लेकिन पन्ना जिले में कलेक्टर के उदासीन रवैये के चलते जनता को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि आखिर पन्ना कलेक्टर इस सरकार में इतने बेलगाम क्यों हैं। इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होती?

# महिला ने 5 वर्षीय बच्ची सहित लगाई फांसी



घुवारा । नगर के वार्ड नम्बर 2 में निवास करने बाले चन्द्रप्रकाश उर्फ पप्पू सोनी की 35 वर्षीय पत्नी ने 5 वर्षीय बच्ची सहित मकान के अंदर सीलिंग के छल्ले पर फांसी लगा कर अपनी जान दे दी है फिलहाल फांसी किन कारणों से लगाई ये बात अभी स्पष्ट रूप से सामने नहीं है बही फांसी को लेकर तरह तरह की बातें सामने आ रही है घटना की जानकारी लगते ही घुवारा पुलिस ने मौके पर पहुचकर घटना स्थल का जायजा लेते हुए साथ ही शव के पंचनामा कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सील करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है बही शव को पीएम हेतु भेज दिया गया है।

## चोरी गई मोटर साईकिल जप्त, आरोपी गिरफ्तार

*लवकुशनगर। विगत 25 जुलाई को फरियादी रवि राजपूत पिता अंतू राजपूत उम्र 26 साल निवासी बगमऊ लवकुशनगर ने रविवार बाजार के पास दूध डेयरी के सामने से मोटरसाइकिल कीमती 80000 रू. की चोरी संबंधी रिपोर्ट किया जिसकी रिपोर्ट पर से थाना लवकुशनगर मे अपराध धारा 303( 2 ) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध किया गया था।*



विवेचना दौरान घटना स्थल का भौतिक निरीक्षण कर क्षेत्र में मूवमेंट करने वाले संदेहियों के बारे में जानकारी एकत्र की गई। कस्वा के सीसीटीव्ही कैमरे चेक किये गये। विवेचना के दौरान संदेही जगमोहन विश्वकर्मा पिता भवानीदीन विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी चंदला से पूछताछ पर उपरोक्त आरोपी द्वारा मोटर साइकिल चोरी की घटना को स्वीकार किया एवं आरोपी के पास से चोरी हुई मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स हीरो कम्पनी की कीमत करीब 80 हजार रुपए जप्त की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी लवकुशनगर निरी. प्रशांत सेन, प्रआर. माताबदल पटेल, आर. उमेश, ह्देश, बलराम की भूमिका रही।

## होदी में डूब जाने से गंभीर मासूम की छतरपुर लाते समय मौत

छतरपुर। चदंला थाना क्षेत्र के रहने वाले राम प्रकाश पुत्र काशी अहिरवार कई वर्षों से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ हरियाणा के सोनीपत के धतुरी में रहकर मजदूरी कर रहा था। रामप्रकाश अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया के बीते रोज रविवार 21 जुलाई की सुबह उसका ढाई वर्षीय मासूम बेटा अभिषेक खेलते खेलते घर के बाहर बनी पानी की होदी में जाकर गिर गया। काफी देर तलाशने के बाद जब वह नहीं मिला तो होदी में नीचे उतर कर मासूम की तलाश की जहां मिलने के बाद मासूम को गंभीर हालत में आनंन-फानन में पास में स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। तीन दिन उपचार करने के बाद बेटे की हालत में कोई सुधार नहीं था वहीं पैसों की भी कमी पड़ रही थी। डॉक्टर से रिक्वेस्ट करने के बाद डॉक्टर ने छतरपुर के लिए रेफर कर दिया तभी प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से छतरपुर आते वक्त रास्ते में मासूम की मौत हो गई। परिजन मासूम को लेकर चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां डॉक्टर द्वारा मासूम का पीएम किया जाएगा। वहीं मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



# डीआईजी के मुख्य आतिथ्य में शहीद स्मारक पर कारगिल के शहीद जवानों को किया गया नमन

छतरपुर। वर्ष 1999 में 26 जुलाई को कारगिल युद्ध में भारत को जीत मिलने के बाद यह दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन बन गया था और आज भी पूरे भारत वर्ष में 26 जुलाई का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऑपरेशन विजय की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को छतरपुर की पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस और एनसीसी कैडेट्स ने संयुक्त रूप से कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। वहीं महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के शताब्दी हॉल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। एनसीसी छतरपुर के सीओ कर्नल विनय सिंह चौहान द्वारा आयोजित किए गए उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छतरपुर रेंज के डीआईजी ललित शाक्यवार रहे। जिसमें एडीएम कर्नल योगेश कुमार गांधी, सूबेदार मेजर बलविंदर सिंह, सूबेदार सत्यप्रकाश, एनसीसी कैडेट्स, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, रक्षित निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा सहित छतरपुर का पुलिस बल शामिल हुआ।



## संपादकीय

# केंद्र को झटका

आखिरकार केंद्र और राज्यों के बीच अधिकारों की कानूनी लड़ाई तार्किक परिणति तक पहुंच ही गई है। देश की शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया है कि किसी भी राज्य के खनिजों पर देय रॉयल्टी एक कर नहीं है। साथ ही स्पष्ट किया कि राज्यों के पास खानों, खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने की विधायी क्षमता निर्धारित है। दरअसल, इस सारे विवाद के मूल में खान और खनिज ( विकास और विनियमन ) अधिनियम, 1957 रहा है। इस अधिनियम का हवाला देते हुए केंद्र सरकार की दलील थी कि केवल संसद ही खनिजों पर कर लगा सकती है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस बाबत फैसला सुनाया कि कानून राज्यों को खानों और खनिज विकास पर कर लगाने से प्रतिबंधित नहीं करता है। निश्चित रूप से इस फैसले से प्राकृतिक संपदा से संपन्न गरीब राज्यों मसलन झारखंड और ओडिशा को विशेष रूप से लाभ होने की उम्मीद जगी है। ये राज्य केंद्र द्वारा खानों और खनिजों पर लगाये गए हजारों करोड़ों रुपये के करों की वसूली की मांग करते रहे हैं। निस्संदेह, यदि केंद्र सरकार राज्यों की माली हालत के मद्देनजर उनकी जरूरतों तथा आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील होती तो निश्चित रूप से इस विवाद को बातचीत के जरिये सुलझाया भी जा सकता था। जब लंबे समय तक इस मामले का निस्तारण नहीं हो सका तो अन्ततः देश की शीर्ष अदालत को गतिरोध तोड़ने के लिये हस्तक्षेप करना ही पड़ा। इसमें दो राय नहीं है कि केंद्र और राज्यों के बीच कई मुद्दों पर टकराव कोई नई बात नहीं है। लेकिन देखने में आया है कि हाल के वर्षों में यह विवाद आम बात हो चला है। निश्चित रूप से किसी भी राष्ट्र की संघीय व्यवस्था के लिये ये टकराव व विवाद कोई शुभ संकेत तो कदापि नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं कि कुछ मुद्दे सहमति, सामंजस्य और संवेदनशीलता से भी सुलझाए जा सकते हैं। जिससे राज्यों के आर्थिक संकट को भी दूर किया जा सकता है।

दरअसल, इस बात पर गंभीर विमर्श की जरूरत है कि हाल के वर्षों में केंद्र-राज्यों के बीच कलह के मामले लगातार क्यों बढ़ते जा रहे हैं। निस्संदेह, इस टकराव के राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। इस विवाद को हाल में संसद में प्रस्तुत आम बजट के परिप्रेक्ष्य में भी देखा जा सकता है। यही वजह है कि वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में राजग गठबंधन में शामिल बिहार तथा आंध्र प्रदेश के लिये घोषित विशेष पैकेजों ने विपक्ष को गैर भाजपा शासित राज्यों से कथित भेदभाव के आक्षेपों के साथ सवाल उठाने का मौका दिया है। विपक्ष ने केंद्र सरकार पर राजनीतिक रूप से पक्षपात वाला बजट बनाने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं कई विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बजट में भेदभाव का आरोप लगाते हुए आगामी 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल न होने की बात कही है। जो कि केंद्र व राज्यों के बीच टकराव की अप्रिय स्थिति को ही दर्शाता है। यदि अतीत के पन्ने पलटें तो वर्ष 1980 के दशक के उत्तरार्ध में, सरकारिया आयोग ने सहकारी संघवाद के सिद्धांतों के आधार पर सामंजस्यपूर्ण संघ-राज्य संबंधों की जरूरत पर बल दिया था। वहीं दूसरी ओर सरकारिया आयोग ने चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया था कि देश में शक्तियों के अधिक केंद्रीयकरण ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने की बजाय उसमें और वृद्धि कर दी है। केंद्र सरकार के लिये बेहतर होगा कि आयोग की रिपोर्ट पर पड़ी धूल को साफ करके उसका बेहद बारीक व संवेदनशील ढंग से अध्ययन करे। इस तरह के आक्षेपों के बीच एक बात तो साफ है कि एक शक्तिशाली केंद्र भारत जैसे विकासशील देश को विकसित भारत में कदापि नहीं बदल सकता है। वहीं केंद्र व राज्यों में सामंजस्य व सहयोग के रिश्ते भारत जैसे संघीय ढांचे वाले देश को निश्चित तौर पर मजबूती ही देंगे। कोर्ट के हालिया फैसले को केंद्र को एक सबक के रूप लेना चाहिए। अन्यथा केंद्र व राज्यों में टकराव का यह अंतहीन सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा।

# जीवन जीने की कला सिखाती है गीता - ब्रह्माकुमारी नीतू दीदी

## भगवां में गीता पाठशाला का शुभारंभ



**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। भगवाँ में गीता पाठशाला का शुभारंभ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नगर के , डॉक्टर भ्राता द्वारका प्रसाद असाटी प्रतिष्ठित व्यापारी भ्राता पवन असाटी एवं नगर की सभी प्रतिष्ठित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, घुवारा उपसेवा केंद्र प्रभारी नीतू बहन जी ने परमात्मा का संदेश देते हुए, कहा कि परमात्मा शिव ने, हम सभी को इस कार्य के लिए चुना है , यह हमारा सौभाग्य है, जन जन तक,ईश्वरीय संदेश पहुंचे ताकि हर मनुष्य आत्मा अपने जीवन में सुख और शांति का अनुभव कर सके, डॉक्टर द्वारका प्रसाद जी , ने आभार प्रकट करते हुए कहा, कि आज के दिन की सभी को बधाई, और हम सभी चाहते हैं कि, हमारे नगर में सभी आत्माओं को भगवान का संदेश में मिले ,ताकि उनके जीवन से दुख अशांति दूर हो, और सुख शांति का अनुभव कर सके, उन्होंने बताया कि यह कोई युद्ध शास्त्र नहीं है, वरन एक योग शास्त्र है। अपने आंतरिक युद्ध का नाम है। श्रीमद् भागवत कर्मयोग सिखाती है। कर्म को योग में परिवर्तन करने की विधि भगवत गीता ही सिखाती है। आज के समय में राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांसारिक सभी समस्याओं का समाधान आध्यात्मिकता ही है। ब्रह्माकुमारी दीदी ने कहा कि सोच को सुलझाने के रूप में भगवत गीता सुनाई गयी थी, यह हमारे कर्मो में बदलाव लाने की विधि हमें सिखाती है। वर्तमान समय जीवन में हर किसी के पास तनाव है, और तनाव का मुख्य कारण है कि हमें वस्तुओं से, व्यक्तियों से, अपनी देह से अति लगाव और मोह हो गया है। तनाव से यदि मुक्त होना है तो हर एक को अपने आपको आध्यात्मिक रीति से सशक्त करना होगा। जब तक हमारे अंदर आत्म भाव नहीं आएगा तब तक हम ईश्वर से जुड़ नहीं सकते । ईश्वर से शक्ति लेनी है तो थोड़ा समय अपने लिए निकालें और ईश्वर से अपना मानसिक संबंध जोड़े।कार्यक्रम के अंत में सभी ने शिव परमात्मा की आरती कर अपना आभार प्रकट किया, बहन मोहिनी ने सभी को प्रसाद वितरण कर, रोजाना 1 घंटे मेडिटेशन करने का निमंत्रण दिया।

# स्वामी विवेकानंद सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने कराई कृषक संगोष्ठी





**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। राजनगर विकासखंड क्षेत्र के उदयपुर विवेकानंद सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय में एक कृषक संगोष्ठी का आयोजन कराया गया जिसका शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव की केंद्र संचालक वीणापानी श्रीवास्तव ने किया, उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि के तरीके बतलाएं ,जैविक खेती के तरीके एवं खरपतवार नाशक दवाइयां का किस तरीके से छिड़काव करना है, उसकी समय अवधि कितनी होती है, के बारे में बताया, किसानों को तिल मूंग उड़द मूंगफली सोयाबीन की फसलों के बारे में जानकारी दी, है उन्होंने किसानों को सब्जी के बीजों की मिनी किट का वितरण भी उपस्थित किसानों को किया, ताकि वे अपने खेतों अथवा किचन गार्डन में घरेलू उपयोग के लिए सब्जियां लगा सके, संगोष्ठी में उदयपुर नयागांव लाखेरी रिछाई इत्यादि ग्रामों के किसान मौजूद थे कार्यशाला को सृजन संस्था के जिला कोऑर्डिनेटर शांतनु सिद्धार्थ दुबे ने भी संबोधित किया, कृषक संगोष्ठी के आयोजक एवं स्वामी विवेकानंदसोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष हरगोविंद पांडे ने उपस्थित सभी किसानों और अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया, और इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया।

# महंत राधा मोहन दास के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने सौंपा ज्ञापन

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ राजा माधव राय ने सोशल मीडिया पर नगर के श्री देव रघुनाथ बड़ा मंदिर के महंत राधा मोहन दास महाराज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी इसके विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज ने शीघ्र कार्यवाही करने एवं राजा माधव राय को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को विज्ञापन सौंपा है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया (फेसबुक) के माध्यम से बीना जिला सागर में असामाजिक तत्वों फेसबुक आईडी से हिंदू धर्मगुरु के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करके धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने कार्यवाही की माँग को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एसडीम के नाम नए तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया ।



***ब्राह्मण समाज ने की कड़ी निंदा***

जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि श्री देवरघुनाथ जी बड़ा मंदिर ट्रस्ट बीना निम्बार्क संप्रदाय व धार्मिक आस्था का एक प्रमुख मंदिर (केंद्र) है जिसकी ख्याति संपूर्ण भारतवर्ष में है। मंदिर ट्रस्ट की पूजा- सेवा तथा संचालन हेतु पूज्यनीय महा-मण्डलेश्वर महंत राधामोहनदास महाराज पीठासीन हैं। जिनके प्रति समस्त हिंदू सनातनी समाज व क्षेत्र वासियों की आस्था का मुख्य केंद्र है। आईडी जो कि राजा माधव राय से पूज्य महाराज जी के विषय में एक अत्यंत असम्मानजनक अमर्यादित भाषा में घोर आपत्ति जनक टिप्पणी की गई जिससे समस्त सनातनी हिन्दू समाज आहत हुआ है, सभी आस्थावान जन में अत्यंत रोष व्याप्त है। जो किसी भी समय उग्र रूप ले सकता है। जिससे क्षेत्र में लाइन आर्डर की स्थिति निर्मित हो सकती हैं। इस विषय से जुड़े और भी कोई ऐसे असामाजिक तत्व है, उन सभी पर तुरंत जाँच करवाकर दोषी असमाजक तत्वों पत्र प्राप्ति से तीन दिवस में दोषियों को गिरफ्तार कर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें पूजा पर सपना के दौरान बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# तिसाला बड़ी पूजा रथ यात्रा के पूर्व मातारानी को लगाया गया गुजिया का भोग एवं रथ यात्रा समिति की अंतिम बैठक संपन्न



**मुकेश हरयानी**

***परिहार गर्जना न्यूज। सागर/ आज 27 जुलाई 2024 को लुटेगा बाजार श्री शारदा शरण मंडल द्वारा महारात्रि जागरण का आयोजन कल दिनांक 27 जुलाई को रात्रि 9ः00 बजे होगा मीडिया प्रभारी विकास केसरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि तिसाला बड़ी पूजा रथ यात्रा के पूर्व विभिन्न प्रकार की रस्म निभाई जाती हैं जिसमें से एक रस्म गुजिया की होती है***

महिलाओं द्वारा 25 जुलाई की रात्रि 12ः00 बजे के बाद से सुबह तक गुजिया बनाई गई इसके बाद मां अंबे मंदिर, मां शीतला माता मंदिर एवं चकराघाट के मंदिरों में गुजिया का माता रानी को भोग लगाया गया जिसके बाद पुरुषों को 20-20 गुजिया थाली में लगाकर दी गई जिसमें से पुरुषों द्वारा मां, दादी, बुआ इनमें से किसी एक सदस्य को पांच गुजियों से ओली भरी इसके बाद शेष बची 15 गुजिया को 29 जुलाई रथयात्रा निकलने के पहले तक खाकर खत्म करना होगी शिवलाल गुप्ता ने बताया कि रथ यात्रा समिति की अंतिम बैठक में निर्णय लिए गए की महिलाओं को पीली या लाल साड़ी पहन कर आना है एवं पुरुषों को पीला, भगवा एवं सफेद कलर का कुर्ता पहनकर आना है कमेटी के सदस्यों को पहचान पत्र दिए जाएंगे जो रथ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सुरक्षा करेंगे राजेश साहू एवं उनकी टीम द्वारा रथ को अंतिम रूप दिया जा रहा है रथ 15 फीट ऊंचा होगा विकास केसरवानी ने बताया कि आज दिनांक 27 जुलाई को भीतर बाजार की महिलाओं द्वारा भीतर बाजार में स्थित बाजार को लूटा जाएगा महिलाओं द्वारा लूटी गई सामग्री से माता रानी का भोग बनाकर माता रानी को भोग लगाया जाएगा आज रात्रि 9ः00 बजे से श्री शारदा चरण मंडल द्वारा महारात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा।

# स्ट्रीट लाईट पोल के ढ़क्कन और नट बोल्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग आदि से छेड़छाड़ कर क्षतिग्रस्त करने वालों पर अब होगी एफ आई आर - निगमायुक्त

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा नवनिर्मित ऐलिवेटेड कॉरीडोर पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हेतु निश्चित दूरी पर पोल लगाकर सफेद रौशनी वाली एलईडी स्ट्रीट लाईट्स स्थापित की गई हैं। निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स ने गुरूवार को ऐलिवेटेड कॉरीडोर




एवं संजय ड्राइव सड़क पर लगी स्ट्रीट लाईट्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया की कुछ स्ट्रीट लाईट पोल के ढ़क्कन और नटबोल्ट आदि खुले हैं एवं कुछ खम्भों के ढक्कन और बोल्ट आदि उक्त स्थल पर नहीं हैं। विगत दिनों में कुछ अज्ञात आसामाजिक तत्वों द्वारा इन स्ट्रीट लाईट पोल के ढ़क्कन और नट बोल्ट आदि खोलकर इलेक्ट्रिक वायरिंग एमसीबी आदि से छेड़छाड़ कर क्षतिग्रस्त करने का कार्य किया गया है इसके साथ ही ऐलिवेटेड कॉरीडोर पर एक खम्भे के फाउंडेशन का बोल्ट कटा हुआ पाया गया उक्त सभी कृत्य आपराधिक कृत्य है। उक्त कृत्य से पोल के हिलने-डुलने की समस्या के साथ ही खम्भे में करेंट फैलने की समस्या उत्पन्न हो सकती है। उक्त कृत्य करने वालों पर एफआईआर कराकर दण्डात्मक कार्यवाही करायी जायेगी।

स्ट्रीट लाईट पोल के आकार अनुसार बोल्ट लगाकर फाउंडेशन तैयार किया जाता है और फाउंडेशन पर पोल खड़ाकर नट से व्यवस्थित कसा जाता है। शासकीय संपत्ती को क्षतिग्रस्त कर नुक्सान पहुंचाने वाले उक्त आपराधिक कार्य से शासन को होने वाले नुक्सान के साथ ही यहां से गुजरने वाले नागरिकों को भी असुविधाओं और समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। संजय ड्राईव सड़क सहित शहर में अन्य रोडों पर लगे स्ट्रीट लाईट पोल से भी ढ़क्कन हटाकर इलेक्ट्रिक वायरिंग एमसीबी आदि से छेड़छाड़ की गई है जिसके कारण स्ट्रीट लाइट बंद होती है इसके साथ की धर्मश्री रोड, कनेरादेव, तिली आदि अन्य क्षेत्रों में स्ट्रीट लाईट चोरी की गई हैं। उक्त कृत्य से नागरिकों को रात के समय असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# पुणे एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे तीन यात्रियों पर वेंडर ने गलती से गिरा दी गरम चाय

## अफरातफरी में चलती ट्रेन से कूदे दो यात्री, दोनों की मौत





**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/ पुणे एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे तीन यात्रियों पर वेंडर ने गलती से गरम चाय गिरा दी जिससे घटना के बाद ट्रेन की जनरल बोगी में अफरातफरी मच गई भगदड़ में दो यात्री चलती ट्रेन से कुंद गए हादसे में दोनों की मौत हो गई यह घटना बीना के करौंदा स्टेशन के पास की है । प्राप्त जानकारी अनुसार बीना में दो यात्री चलती ट्रेन से कूद गए। जिससे उनकी मौत हो गई। वे ट्रेन के गेट पर बैठकर यात्रा कर रहे थे। दरअसल, ट्रेन में वेंडर से यात्रियों पर गरम चाय गिर गई थी। जिससे कोच में अफरा-तफरी मच गई।

ये घटना बीना के करोंदा रेलवे स्टेशन के पास की है। शुक्रवार सुबह करीब 6.30 बजे गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस यहां से गुजर रही थी। इसी दौरान एक वेंडर चाय बेचने के लिए जनरल कोच में चढ़ा। वेंडर के एक हाथ में थर्मस था, जिसका ढक्कन अचानक खुल गया।

कोच में नीचे सो रहे विश्वनाथ (27) निवासी गोंडा, मनीष (25) निवासी महाराजगंज पुणे, दीपक (32) निवासी गोरखपुर के ऊपर चाय गिर गई। तीनों बुरी तरह झुलस गए। वे हड़बड़ाकर उठे तो कोच में अफरा-तफरी मच गई। सभी इधर-उधर भागने लगे।

***यात्रियों ने वेंडर को पुलिस के हवाले किया***

घायल दीपक ने बताया- मैं सो रहा था कि अचानक गर्म चाय गिरी। मैं झुलस गया। इस दौरान कोच में मची हलचल में गेट पर बैठे दो युवक कूद गए। करोंदा स्टेशन पहुंचने पर भानगढ़ पुलिस को जानकारी दी गई। यात्रियों ने ट्रेन के बीना पहुंचने पर वेंडर को पकड़कर जीआरपी के हवाले कर दिया। बीना जीआरपी थाना प्रभारी बबीता कठेरिया ने बताया- घटना के बाद घायल मनीष पिता भोलाराम राजधर महाराजगंज उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 2023 125, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह वैध या अवैध वेंडर था।

***आरोपी वेंडर झांसी स्टेशन से चढ़ा था चाय बेचने***

मिली जानकारी के अनुसार चाय बेचने वाला डबरा निवासी 22 वर्षीय आरोपी झांसी रेलवे स्टेशन से ट्रेन में चाय बेचने के लिए चढ़ा था। ट्रेन के सभी स्लीपर कोच में चाय बेचने के बाद जब ट्रेन सिग्नल नहीं मिलने की वजह से मोहासा रेलवे स्टेशन पर खड़ी हुई तो आरोपी स्लीपर कोच से उतरकर जनरल डिब्बे में चला गया और कोच में यह घटना हो गई है। बताया जा रहा है कि वेंडर ने एक यात्री को चाय देते समय कंटेनर के हैंडल की जगह ढक्कन पकड़ लिया तो उसी समय कंटेनर में भरी चाय गिर गई। इसके बाद अफरा तफरी मच गई।

***शवों की नहीं हो सकी शिनाख्त***

इस मामले की जांच कर रहे भानगढ़ थाने के प्रधान आरक्षक केके वर्मा ने बताया कि शवों को मर्चुरी में रखवा दिया गया है। परिजनों के आने के बाद ही शवों की शिनाख्त की जाएगी। इसके बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा इधर मामले की जांच में जुटी पुलिस मृतकों के परिजनों की पहचान कर उन्हें घटना के संबंध में अवगत कराने का प्रयास कर रही है।

# विशाल निरंकारी अध्यादेश सत्संग का आयोजन आज और कल

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन दिनांक 27व 28 जुलाई को सागर में किया जा रहा है सागर की जोनल इंचार्ज नारायण दास निरंकारी ने बताया कि एक नजर अखबार के प्रधान संपादक श्री राम प्रजापति जी का आगमन सागर हो रहा है जिनके सानिध्य में विशाल निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन 27 तारीख दिन शनिवार को ग्राम तिली में शाम को 8ः00 बजे से 9ः30 बजे तक विजय गायकवाड जी के निवास स्थल पारस विद्या विहार स्कूल के पास तिली वार्ड में किया गया है इसके बाद 28 तारीख दिन रविवार को शास्त्री वार्ड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक किया गया है। जोनल इंचार्ज महात्मा ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से विनम्र अपील किया कि सत्संग में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करे।

# पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर अतिवृष्टि से प्रभावित हुए ग्रामों का कर रहे हैं लगातार दौरा

## अतिवृष्टि पीड़ित ग्राम सेमरखेडी,निवोदा में अनाज हुआ अंकुरित, किसानों का कहना हमारी साल बर्बाद हो गई



परिहार गर्जना न्यूज।बीना/बीना क्षेत्र के कई गांव अतिवृष्टि से प्रभावित हुए जिनमें ग्राम बिल्धव के अलावा सेमरखेड़ी निवोदा मैं शुक्रवार को पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, निर्भय सिंह ठाकुर, गोपाल सिंह ठाकुर, सुमेर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राजा भाई दांगी, मंगल सिंह, चंद्रभान सिंह, सुक्के आदिवासी, अमृत अहिरवार, गुड्डे रजक ने ग्रामों का दौरा किया और अतिवृष्टि से पीड़ित जनों से मुलाकात की अधिकांशतः यह देखने में आया है कि किसानों का गल्ला अंकुरित हो गया, सभी का कहना है कि हम सभी की साल बर्बाद हो गई है किस तरह से बच्चों का लालन-पालन करेंगे किस तरह से बच्चों को पढ़ाएंगे । जिसके कारण किसानों के बीच चिंता होना स्वाभाविक है। अतिवृष्टि पीड़ितों का कहना है लकड़ी आटा सब कुछ गीला हो चुका है खाने के भी लाले पड़ रहे हैं । दूसरी ओर अनुविभागीय अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने तत्काल अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वह मौके पर पहुंचकर अति वृष्टि पीड़ितों का सर्व शीघ्र करें ताकि उन्हें राहत राशि मुआवजा प्रदान किया जा सके ।

# गांव-गांव में अवैध शराब बिकने से हो रहे सैकड़ों परिवार तबाह, आबकारी विभाग सुस्त

## अफसरों और ठेकेदारों की जुगलबंदी ने बढ़ाई लोगों की परेशानियां

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शहर सहित जिले का आलम यह है कि लोगों को दूध के लिए भले ही परेशान होना पड़े, लेकिन शराब के लिए तनिक भी परेशानी नहीं होगी। जहां आवाज दोगे, वहीं हाथों में शराब के पाऊच लिए छोटे-छोटे बच्चे तक नजर आ जाएगे। अवैध कलारियों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इस अवैध कारोबार में कई जगहों पर महिलाएं तक शामिल बताई जा रही हैं। सूत्रों की मानें तो इन अवैध कलारियों पर कई ऐसे लोग भी आते-जाते नजर आ जाते हैं, जिन्हें इन अवैध कलारियों पर कार्रवाई करना होती है। ठेकेदारों एवं अफसरों की जुगलबंदी ने इस अवैध कारोबार को और भी अधिक बढ़ा दिया है। अवैध शराब पर काबू पाने की उम्मीद आबकारी विभाग से करना तो शायद बेमानी होगा। ले-देकर सारा दार-ओ-मदार पुलिस पर आ जाता है। आबकारी विभाग की उदसीनता और अधिकारियों की मौन स्वीकृति ने अवैध शराब के कारोबार को शहर के गलियारों से लेकर गांव के गली-कूचों तक पहुंचा दिया है। बताया गया है कि कलारियों के पास अहाते बंद हो जाने के बाद भी पीने वालों को सारी सुख सुविधाएं मौजूद हैं। ऐसा भी नहीं है कि इन सबकी भनक अधिकारियों को नहीं है। पलेरा, बल्देवगढ़, खरगापुर, बड़ागांव, जतारा, दिगौड़ा, लिधौरा, चंदेरा सहित अन्य थाना क्षेत्रों में यदि अवैध रूप से आने वाली शराब पकड़ी भी गई तो यह कार्रवाई पुलिस द्वारा ही की गई होगी। आबकारी अधिकारियों की चुप्पी को लेकर महिलाओं एवं नागरिकों में अच्छी खासी नाराजगी बनी हुई है। बताया गया है कि आबकारी विभाग की निष्क्रियता के चलते नगर में जगह-जगह अवैध रूप से शराब विक्रय की जा रही है। जिसमें कंपनी के गुर्गों द्वारा गाड़ियों पर रखकर अवैध शराब गंतव्य तक पहुचाई जा रही है। शुक्रवार सुबह नगर के लोगों द्वारा विरोध करते हुए अवैध शराब को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। जिसमें 5 पेटी अवैध शराब को पुलिस के सुपुर्द किया गया। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



***आबकारी शर्तों की उड़ रही धज्जियां***

अंग्रेजी और देशी शराब का ठेका लेने वाले ठेकेदार ने गांव-गांव अपनी अवैध दुकानें खुलवा दी हैं। यहां पर शराब अब बेरोक टोक धड़ल्ले से बिक रही है। जगह-जगह खुली शराब की दुकानों में धड़ल्ले से बिक रही शराब को देखकर भी आबकारी पुलिस शराब ठेकेदारों के सामने लाचार है। आबकारी पुलिस को यह जानकारी होने के बाद भी अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वाले ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खरगापुर तहसील क्षेत्र के फुटेर चक्र दो में ग्रामीण बैंक के पास देवी चरण नाम के शख्स के द्वारा अवैध शराब बेची जा रही है। आबकारी विभाग से ठेकेदार ने देशी एवं अंग्रेजी शराब बेचने के ठेके लिए हैं। ठेका शहरी क्षेत्र के अंदर ही शराब बेचने का होता है, जिसकी शर्तें आबकारी विभाग एग्रीमेंट करके लागू भी करता है। ठीक इसी तरह दुकान क्षेत्र के अंदर ही शराब बिक्री करने का प्रावधान रखा गया है।

***शराब के कारण टूट रहे कई परिवार-***

खरगापुर क्षेत्र कई परिवार तो ऐसे हैं, जिनके पति शराब के कारण अपने कार्य पर भी नहीं जा रहे हैं। जिसके कारण परिवारों के भरण पोषण के लिए महिलाएं मजदूरी कर रही हैं। कई परिवार टूट चूके हैं और कई टूटने की कगार पर पहुंच गए हैं। कुछ परिवारों में आज भी पति-पत्नी के बीच लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। इन दिनों आबकारी विभाग ठेकेदारों के इशारे पर कच्ची शराब के खिलाफ धरपकड़ कर रहा है, किंतु गांव-गांव चल रही अवैध शराब दुकानों पर अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। बताया गया है कि सीमा के बाहर नहीं और वो भी एक स्थान से यानी की दुकान से ही शराब की बिक्री होता है, लेकिन शराब की दुकानों से तो शराब बिना समय निर्धारण के अपने हिसाब से बेची जा रही है। खरगापुर क्षेत्र में आबकारी विभाग का कोई भी नियम शर्तें नहीं चलता। यहां पर ठेकेदार की मर्जी चलती है, जिसके कारण आज गांव-गांव अवैध रूप से शराब की छोटी छोटी दुकानें खुलवाकर गैर कानूनी ढंग से धड़ल्ले से शराब की बिक्री हो रही है। कोई रोकने और टोकने वाला नहीं है।

***इनका कहना है-***

आपके द्वारा मामले की जानकारी प्राप्त हुई है मैं दिखवाता हूं।

***रोहित काशवानी, पुलिस अधीक्षक, टीकमगढ़***

# सीएमओ के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा, जमकर हुआ बैठक में हंगामा

## सडक पर आकर किया पार्षदों ने प्रदर्शन, की नारेबाजी

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। नगर पालिका में शुक्रवार को परिषद का विशेष सम्मेलन हंगामेदार रहा। सीएमओ की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष सहित भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने नाराजगी जाहिर की। बैठक में सभी 26 पार्षदों ने एक सुर में सीएमओ के खिलाफनिंदा प्रस्ताव पास किया। सीएमओ को हटाए जाने को लेकर पार्षदों ने शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट के सामने



प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बताया गया है कि नपा सीएमओ गीता मांझी के रवैए से अध्यक्ष सहित भाजपा कांग्रेस के पार्षद नाराज हैं। एक सप्ताह पहले 26 पार्षदों ने एक साथ सीएमओ के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। पत्र के माध्यम से पार्षदों ने 26 जुलाई को विशेष सम्मेलन बुलाए जाने की मांग की थी। अध्यक्ष और पार्षदों के विरोध के चलते सीएमओ अवकाश पर चली गई। आज विशेष सम्मेलन में सीएमओ की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार सहित भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने विरोध जताया। बैठक के दौरान सभी ने एक राय होकर उपयंत्री दीपक विश्वकर्मा को प्रभारी सीएमओ बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद बैठक की कार्रवाई शुरू होते ही सबसे पहले भाजपा पार्षद अभिषेक खरे ने सीएमओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव रखा। उनके निंदा प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद भाजपा और कांग्रेस के सभी पार्षदों ने सहमति जाहिर की। इस दौरान नपा अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने सीएमओ के खिलाफ तैयार की गई फाइल प्रभारी सीएमओ दीपक विश्वकर्मा को सौंपी। उन्होंने कहा कि प्रभारी सीएमओ इस पूरे मामले से वरिष्ठ अधिकारियों और शासन को अवगत कराएंगे। इसके अलावा सीएमओ ने तबादले के खिलाफहाई कोर्ट से जो स्टे है, उसे हटाए जाने के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

***कलेक्ट्रेट के सामने किया प्रदर्शन-***

विशेष सम्मेलन में सीएमओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव डालने के बाद भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने कलेक्ट्रेट के सामने सड़क जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने सीएमओ हटाओ टीकमगढ़ बचाओ के नारे लगाए। प्रदर्शन के चलते करीब 20 मिनट तक सड़क पर जाम लग रहा।

***एसडीएम की समझाइश पर हटा जाम-***

जाम लगने की सूचना मिलते ही एसडीएम संजय दुबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने नाराज पार्षदों से बात की। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने कहा कि सीएमओ को हटाया जाए। एसडीएम ने कहा कि विशेष सम्मेलन में पारित किए गए प्रस्ताव से नगर निगम आयुक्त को अवगत कराया जाएगाए इसके बाद पार्षदों ने जाम हटाया।

# क्या वापिस लौट सकेगा सैलसागर का अस्तित्व..?

## सौ-सौ रुपए के स्टांप पर बेच दी गई तालाब की जमीन-अमित नुना


परिहार गर्जना न्यूज।टीकमगढ़। शहर के प्राचीन तालाबों से अतिक्रमण हटाए जाने का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना ने शांति समिति बैठक के दौरान सैल सागर तालाब से अवैध कब्जा हटाने की मांग की। शिकायत के आधार पर एसडीएम ने मामले की जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम का गठन किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि शहर का जल स्तर बढ़ाने वाले बुंदेल कालीन सैल सागर तालाब को नष्ट किया जा रहा है। तालाब की जमीन अवैध रूप से स्टाम्पों पर बेची जा रही है। उन्होंने बताया कि सैल सागर तालाब की बंधान तोड़कर हाजी फारुख के बेटे मारुफ अहमद, फैसल ने 100-100 रुपए के स्टाम्प पर कई प्लाट बेच दिए हैं। जिससे तालाब का अस्तित्व लगभग समाप्त होने की कगार पर है। तालाब नष्ट होने से शहर का जल स्तर नीचे चला गया है। गुरुवार रात कलेक्टर, एसपी की मौजूदगी में हुई शांति समिति की बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ने एक बार फिर यह मुद्दा उठाया। इसके पहले 11 जुलाई को उन्होंने केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार को सैल सागर तालाब से अवैध कब्जा हटाए जाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा था। केंद्रीय मंत्री ने भी मामले की जांच कराने के निर्देश दिए थे।

**एसडीएम ने बनाया पांच सदस्यीय जांच दल-**

भाजपा जिलाध्यक्ष की शिकायत पर एसडीएम संजय दुबे ने सैल सागर तालाब पर हो रहे अवैध कब्जे की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया है। एसडीएम दुबे ने बताया कि तहसीलदार, एसएलआरए आरआई और दो पटवारी को 7 दिन में जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि सैल सागर शायद जिले का इकलौता निस्तारी तालाब है, जिसकी जमीन खुर्द-बुर्द कर दी गई है और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। इस मामले में सरकार को चूना लगाने के साथ ही तालाब को बर्बादी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया गया है। एक समय था, जब इस तालाब से हजारों परिवार निस्तार किया करते थे, अब यह तालाब एक दलदल बनकर रह गया है।

# पत्रकार प्रदीप खरे को मिला नेपाल भारत मैत्री काव्य रत्न सम्मान

परिहार गर्जना न्यूज।टीकमगढ़। बुंदेलखंड के जाने-माने पत्रकार एवं कवि प्रदीप खरे मंजुल को नेपाल भारत मैत्री काव्य रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया गया। श्री खरे के सम्मानित होने पर जिले के साहित्यकारों, कवियों, पत्रकारों एवं समाजसेवियों ने बधाईयां दी हैं। बताया गया है कि शब्द प्रतिभा बहु क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा आयोजित नेपाल भारत मैत्री कविता प्रतियोगिता 2024 का सफल आयोजन किया गया। जिसमें भारत और नेपाल के सैकड़ों कवियों ने नेपाल और भारत की मैत्री को लेकर अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। संस्था के अध्यक्ष आनंद गिरी मायालु एवं चयन समिति सदस्य चरना कौर ने जारी सूची में बताया कि बुंदेलखंड के जाने माने कवि एवं पत्रकार प्रदीप खरे मंजुल टीकमगढ़ को उत्कृष्ट प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। श्री खरे को नेपाल की संस्था शब्द प्रतिभा बहु क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किए जाने पर जिन साहित्यकारों एवं कवियों ने बधाईयां दी हैं उनमें जयहिंद सिंह दाऊ, राजीव नामदेव, राम गोपाल रैकवार, पूरन चंद गुप्ता, मीरा खरे, अनीता श्रीवास्तव, मधुलिका भटनागर, गोकुल प्रसाद यादव, भगवान सिंह लोधी, एमएल त्यागी,तरूना खरे, प्रभुदयाल श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, डां रेणु श्रीवास्तव,सुभाष जैन, गुलाब सिंह यादव भाऊ, उमाशंकर मिश्रा तन्हा, वीरेन्द्र त्रिपाठी, केएल टेलर, मुन्ना लाल मिश्रा, कल्याण दास साहू, एसआर सरल सहित अनेक कवियों के नाम शामिल हैं।



# ककरा छात्रावास अधीक्षक की मनमानी से छात्राए परेशान

ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले के शाहनगर विकासखंड के ग्राम ककरा छात्रावास में अध्ययनरत छात्राए परेशान है, क्योकि छात्रावास अधिक्षिका छात्रावास मे नही रहती है, कभी कभार ही छात्रावास पंहुचती है। सारी जिम्मेदारी रसोईया पर होती है, उसी के द्वारा वहां का काम किया जाता है। बताया जाता है कि अधीक्षिका द्वारा छात्राओ को सामग्री भी उपलब्ध नही कराई जाती है।। छात्रावास पचास सीटर है लेकिन वर्तमान समय मे दस से बारह छात्राए ही उपस्थित रहती है उन्हे भी मीन्यू के अनुसार भोजन नही दिया जाता है और न ही अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। स्थानीय लोगो ने संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।




## प्रदेश में शराब बंदी को लेकर भगवती मानव कल्याण संगठन नें संभागीय कमिश्नर तथा पुलिस महानिरीक्षक को सौपा ज्ञापन

पन्ना/भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के संभागीय कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे प्रदेश एवं सागर संभाग से अवैध शराब बंदी हेतु पुलिस महानिरीक्षक एवं सागर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किये जा रहें है। जबकी हमारा उद्देश्य पूरे प्रदेश में शराब बंदी कानून लागू किया जाये। उन्होने आंगे बताया कि सागर संभाग के दमोह जिले मे पुलिस प्रशासन के संरक्षण में अवैध शराब का कारोबार जोरों पर चल रहा है जिसके खिलाफ भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि पुलिस अधीक्षक दमोह को भी ज्ञापन दिया गया था। लेकिन कोई कार्यवाही नही की जा रही है। जिसके पश्चात् संभागीय अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जा रहा है। उन्होने आंगे यह भी उल्लेख किया कि संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा अवैध शराब परिवहन को रोकने का प्रयास विगत 15 वर्षों से किया जा रहा है जिसमें संगठन के कार्यकर्ता पुलिस को सूचना देकर अवैध शराब पकड़वाते हैं लेकिन दमोह पुलिस प्रशासन द्वारा उल्टा संगठन के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किये जा रहे हैं। सागर संभाग में भगवती मानव कल्याण संगठन के लाखों कार्यकर्ताओं द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को चेतवानी देते हुएं कहा कि यदि उचित कार्यवाही नहीं होते है तो दमोह जिले में लाखो कार्यकर्ता संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इसमें मुख्य रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन के केंद्रीय उपप्रचार मंत्री भुज्जी लाल सेन, संभागीय अध्यक्ष डॉ सुजान सिंह, प्रचार मंत्री ओमवती अठ्या,साधना सेन, सागर जिला अध्यक्ष निरन सिंह,सचिव संजय पटेल, पन्ना से महासचिव गजेन्द्र साहू उपस्थिति रहे।

## तेज गति से बजाये जा रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर कार्यवाही करने एसडीएम ने नगर निरीक्षक कोतवाली को दिये निर्देश

पन्ना/पन्ना जिले के वरिष्ट अधिवक्ता महंत राजेश दीक्षित एडवोकेट द्वारा विगत दिवस कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत कराया गया था कि नगर में लगातार धार्मिक तथा राजनैतिक कार्यक्रमो के दौरान ध्वनी विस्तार यंत्र बजाये जा रहे है। जिससे आम लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा भी कलेक्टर तथा पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर कार्यवाही करने की मांग की गई थी। लेकिन उसके बावजूद भी संबंधित मामले मे कोई कार्यवाही नही हो रही है। जिसको लेकर श्री दीक्षित ने कलेक्टर पन्ना को पत्र लिखा था तथा अवगत कराया था कि 17.07.2024 से 18.07.2024 के दरम्यानी रात्रि 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक के मध्य श्री जुगल किशोर मंदिर पन्ना एवं पन्ना शहर की गलियों में बहुत तीव्र आवाज से ध्वनि विस्तारक यंत्र से ध्वनि प्रदुषण किया गया है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रात्रि 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक किसी भी तरह के ध्वनि प्रदूषण पर पूर्णत: प्रतिबंध है। उक्त संबंध में संदर्भित पत्र की छायाप्रति भी प्रेषित की गई तथा उन्होने कार्यवाही करने का अनुरोध किया था। जिसको लेकर कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देश दिये थें। एसडीएम द्वारा थाना कोतवाली प्रभारी को पत्र लिखकर सष्ट किया था कि संबंधित थाना प्रभारी के क्षेत्र में कहीं भी तेज रफ्तार से ध्वनी विस्तारक यंत्र नही बजायें जाये जिससे आम लोगो को परेशानी हो सकें।

# सड़क दुर्घटना मे युवक की मौत

## तेज टक्कर लगने से एक बेल की भी गई जान

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना छतरपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग एन एम डी सी तिराहा के पास बीति रात्रि एक मोटर साईकिल चालक 25 वर्षीय युवक की सडक दुर्घटना मे मौत हो गई है तथा तेज टक्कर होने के चलते सडक पर ही एक बेल की भी जान चली गई है जानकारी के अनुसार सजन यादव निवासी सवाईगंज पुरवा मनोर ग्राम रिस्तेदारी में गया हुआ था तथा वापिस अपने गांव जा रहा था। उसी दौरान एन एम डी सी तिराहा पर मोटर साईकिल चालक को बताया जाता है कि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है या फिर वह खुद ही बैल से टकरा गया है, जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना डायल हन्ड्रेड पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा एम्बूलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय लाया गया था। ईलाज के पूर्व ही डॉक्टरो द्वारा म्रत घोषित कर दिया तथा दूसरे दिन 26 जुलाई को पीएम कराकर शव परिजनो को सौप दिया गया।

# शराब खोरी की नशा में एक को उतारा मौत के घाट

## अवैध शराब की विक्री जोरो पर

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/शाहनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानो पर अवैध शराब की विक्री जोरो पर चल रही है। जिसके चलते क्षेत्र में अपराधो की संख्या लगातार बढ रही है तथा हत्या, चोरी, डकैती, लूट की घटनाए लगातार सामने आ रही है। इसी प्रकार का मामला बोरी पुलिस चौकी अन्तर्गत ग्राम परासी का सामने आया है। जहां पर दो आदिवासी दोस्तो ने आपस में जमकर कच्ची शराब का सेवन किया तथा दोनो के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें एक ने दूसरे के साथ मारपीट भी की, इसी से नाराज हो कर आरोपी लंगड़ा आदिवासी ने मेकू आदिवासी के उपर सब्बल से हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस चौकी बोरी को दी गई। पुलिस घटना स्थल पंहुची तथा म्रतक का पंचनामा बनाकर पोस्ट मार्टम के लिए शाहनगर लाया गया। जहां पर पीएम कराकर शव परिजनो को सौप दिया गया। आरोपी लंगड़ा फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी की खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है।



# श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में आज दिनांक 26 जुलाई 2024 को 25 म.प्र. बटालियन एन सी सी, छतरपुर द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि 25 एम.पी. बटालियन एनसीसी छतरपुर कमांडेंट ऑफिसर व्हीकेएस चौहान, विशिष्ट अतिथि 25 एम.पी. बटालियन एनसीसी छतरपुर कर्नल वाईके गांधी एवं 25 एम.पी. बटालियन एनसीसी छतरपुर सूबेदार मेजर बलविंदर सिंह जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलित करके किया गया। डॉ. बी.एस. राजपूत ने अतिथियों का स्वागत भाषण के द्वारा सम्मान किया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर विश्वविद्यालय में पौध रोपण किया गया। इसके साथ ही एनसीसी कैडेट द्वारा बॉर्डर पर एक युद्ध का अभिनव के द्वारा प्रदर्शन कर राष्ट्रध्वज फहराकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एनएसएस आकाश गौतम ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम अपनी जान के दुश्मन को अपनी जान कहते हैं, मोहब्बत की इसी सरजमीन को हिन्दुस्तान कहते हैं।

विशिष्ट अतिथि ईके गांधी ने अपने भाषण में बताया कि कारगिल विजय दिवस का 25वां (रजत जयंती) समारोह मना रहे हैं। कारगिल विजय दिवस, जिसे हम ऑपरेशन विजय की सफलता के रूप में मनाते हैं, भारत के लिए गर्व और विजय का प्रतीक है। यह दिवस हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है, और यह 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए कारगिल युद्ध की समाप्ति की याद दिलाता है। इस युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को सफलतापूर्वक खदेड़ा और हमारे देश की संप्रभुता की रक्षा की। विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट के द्वारा जो नाटक का प्रदर्शन किया वह अत्यधिक मार्मिक था।



मुख्य अतिथि बी. के. एस. चौहान ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज का दिन बहुत ही भावुक दिन है। कारगिल युद्ध भारत के जम्मू और कश्मीर राज्य के कारगिल जिले में हुआ था। इस संघर्ष की शुरुआत मई 1999 में हुई थी जब पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने भारतीय सीमाओं में घुसपैठ कर कई महत्वपूर्ण स्थानों पर कब्जा कर लिया। भारतीय सेना ने तुरंत कार्रवाई की और तीन महीनों की कड़ी संघर्ष के बाद, 26 जुलाई को कारगिल के सभी क्षेत्रों को पुन: प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. गौतम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विशाल है। लेकिन सिविलियन सुरक्षित रहें उनके लिए हमारे सैनिक बार्डर पर और अन्य गतिविधियों में सहभागी रहते हैं। यह दिवस हमारे देश की सुरक्षा में जुटे सैनिकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इस दिन देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है और उनके योगदान को याद किया जाता है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. प्रणति चतुर्वेदी एवं आभार कु. वर्षा यादव ने किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडिट, एनएसएस के स्वयंसेवी, प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे।

## गुनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला डॉक्टर पदस्थ किया जाये:-चतुरेश अहिरवार

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले की गुनौर विधानसभा आरक्षित होने के कारण गुनौर विधानसभा क्षेत्र की उपेक्षा हमेशा से बनी रही है। उक्तासय की बात गुनौर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता समाजसेवी चतुरेश अहिरवार निवासी बाराछ ने कही है। उन्होंने बताया कि गुनौर विधानसभा क्षेत्र के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों के अभाव के कारण लगातार मोते हो रही हैं और उनकी कोई खबर लेने वाला नहीं है। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई 2024 को गुनौर विधानसभा क्षेत्र के सिलगी निवासी चौधरी परिवार की एक महिला उपचार कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेन्द्रनगर में भर्ती हुई थी। जिसे 2 दिन तक भर्ती किए रहे और किसी भी महिला स्त्री रोग डॉक्टर द्वारा नहीं देखा गया न ही उनका सही उपचार किया गया है। जब पता किया गया तो बताया गया कि वहां पर कोई भी स्त्री रोग डॉक्टर की पदस्थापना कई वर्षों से नहीं है। जिससे विषय विशेषज्ञ डॉक्टर वहां पर इलाज ही नहीं करते है। जिसके कारण कई महिलाओं को ईलाज के आभाव मे जान गवानी पड़ जाती है। मामले को लेकर श्री अहिरवार ने बताया कि सिलगी निवासी उक्त महिला को जिला चिकित्सालय ले जाते समय रास्ते मे ही मौत हो गई। उसका शव विच्छेदन गृह में पोस्टमार्टम कराया गया है। मगर अभी तक किसी भी दोषी कर्मचारीयों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि यदि पन्ना जिले की बात की जाए तो सबसे उपेक्षित विधानसभा गुनौर क्षेत्र है। जहां पर देवेन्द्र नगर, अमानगंज, ककरहटी, सलेहा, गुनौर किसी भी स्वास्थ केन्द्र मे महिला डॉक्टर पदस्थ नही है, जिससे आये दिन प्रसव पीड़ित महिलाओं की मौते हो रही है। श्री अहिरवार नें सभी स्वास्थ केन्द्रो मे महिला डॉक्टरो को पदस्थापना करने की मांग की है।



# देश के सैनिकों ने अद्भुत वीरता दिखाते हुये जो पराक्रम दिखाया है, वह वास्तव में अद्भुत और अविस्मरणीय है-संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह

## राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने वीर सैनिकों की शौर्यता को नमन किया

**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 26 जुलाई। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने आज कारगिल दिवस के अवसर पर उन सभी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की । उन्होंने कहा जिन्होंने भारत की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया और कहा भी गया है तुमने दिया देश को जीवन, देश तुम्हें क्या देगा, अपनी आग तेज रखने को नाम तुम्हारा लेगा और भी कहा गया है कि शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा।



राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा वास्तव में कारगिल का युद्ध इतिहास के सबसे कठिनतम युद्ध में से एक है, जिसमें दुश्मन 18 हजार फीट की चोटी पर बैठा था और हमारे सैनिक नीचे से उन आताताईयों का सामना कर रहे थे। हमारे देश के सैनिकों ने अद्भुत वीरता दिखाते हुए जो पराक्रम दिखाया है, वह वास्तव में अद्भुत और अविस्मरणीय है, इसमें देश ने अपने 572 सैनिकों को खोया है। मैं उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं । उन्होंने कहा वीर सैनिकों के पराक्रम को देखिए कि हमारे सैनिकों ने 2 हजार से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों को मार गिराया, ऐसी उनकी वीरता और शौर्यता को मैं नमन करता हूं।

# आईये रक्तदान के इस महाअभियान को हम सभी मिलकर सफल बनायें-कलेक्टर श्री कोचर

## 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे से लगेगा कलेक्टर कार्यालय में रक्तदान शिविर

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 26 जुलाई । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा आप जानते हैं, जैसे हवा है, पानी है, वैसे ही रक्त भी हमारी जिंदगी का आधार है। अनेक मरीज ऐसे होते हैं जो जिला अस्पताल में या अन्य अस्पतालों में आते हैं, उन्हें इलाज के दौरान खून की आवश्यकता होती है। कई बार हमारे पास खून उपलब्ध नहीं होता है, तो उन्हें जबलपुर, सागर या भोपाल रिफर करना पड़ता है, यह स्थिति सुधारने की बहुत आवश्यकता है। इसलिए हम दो मोर्चों पर काम कर रहे हैं, पहला मोर्चा यह है कि हम अधिक से अधिक रक्तदान को प्रोत्साहित करें और दूसरी तरफ जो रक्त ब्लड बैंक में उपलब्ध है उसका सही डिस्ट्रीब्यूशन हो ताकि हर व्यक्ति को जिसे रक्त की आवश्यकता है, उसे समय पर रक्त मिल सके।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इसके लिए दो काम शुरू किये जा रहे है, पहले ऐसे रक्तदाता जो लगातार रक्तदान करते हैं उनकी सूची बनाई जायेगी, इसमें कई सामाजिक संगठन हमारा सहयोग कर रहे हैं। यदि आपके जहन में कोई नाम हो, जो लगातार रूप से रक्तदान करते हैं, और जो इसके लिए उत्साहित है, तो उनके नाम जरूर बताएं, उनके नाम सूची में जोड़े जायेंगे और समय-समय पर उन्हें आमंत्रित किया जायेगा। दूसरा काम यह शुरू कर



रहे हैं कि हर महीने कम से कम एक मेगा रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। इस श्रृंखला में जुलाई महीने का पहला रक्तदान शिविर कलेक्टर कार्यालय के ग्राउण्ड फ्लोर में जनसुनवाई वाले कक्ष में लगाया जायेगा, यह शिविर 31 जुलाई को प्रात: 10 बजे से शाम तक लगेगा। इसमें अधिकारी-कर्मचारी रक्तदान करेंगे। साथ में उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया है कि वह भी यहां पर आए और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करें।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा खून की एक-एक बूंद किसी का जीवन बचा सकती है, इसके लिए क्या करें क्या ना करें सोशल मीडिया पर इसके फ्लायर्स जारी किये जा रहे हैं, जिससे यह पता रहे कि आप रक्तदान के लिए पात्र है या नहीं है, आप रक्तदान कर सकते हैं या नहीं कर सकते हैं और उसको देखने के बाद आप अवश्य रक्तदान में भाग लें। इसको हमें एक जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित करना पड़ेगा।

उन्होंने दमोह की जनता से आग्रह करते हुए कहा अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में आए यहां पर दो प्रकार की यूनिट लगेंगी, एक मोबाइल यूनिट लगी रहेगी जो कि एक वेन है जिसमें एक समय में दो रक्तदाता रक्तदान कर सकते हैं। इसके अलावा अंदर कलेक्टर कार्यालय जनसुनवाई कक्ष में ग्राउंड फ्लोर पर 4 से 5 बेड भी लगाये जायेंगे, उन बेडों पर भी रक्तदान की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने सभी से पुनः आग्रह करते हुये कहा आइये रक्तदान के इस महा अभियान को हम सभी मिलकर के सफल बनाएं।

# आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने 90 कन्या रत्न को वितरित किए निशुल्क ड्रेस

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ः 26 जुलाई। योग के क्षेत्र में कार्य करने वाली प्रगतिशील संस्था आर्ट ऑफ लिविंग परिवार दमोह इकाई ने शासकीय नवीन कन्या हाई स्कूल अभाना में नवप्रवेशित छात्रा वर्ग को 90 ड्रेस वितरित की। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की प्रेरणा से संस्था ने सामाजिक सरोकार में अपनी हिस्सेदारी की।



आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के प्रशांत असाटी ने बताया कन्या हाई अभाना अब जिले का अग्रणी विद्यालय है। शाला में एक सत्र में ही दस से अधिक नए प्रयोग किए गए। रुक जाना नही परीक्षा में सराहनीय कार्य किया गया है। श्री असाटी ने शाला स्टाफ की भूरी-भूरी सराहना की। संस्था के प्राचार्य डॉक्टर सोनवलकर ने पारिवारिक वातावरण से नई ऊर्जा भर दी है। इसका बहुत महत्व है। कन्या वर्ग का आत्मविश्वास, प्रेरणा का प्रतीक है। इस दौरान कारगिल दिवस पर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में अभिनंदन जैन, अनीता अग्रवाल, मीनाक्षी, नीलमणि, सी खरे, नीलम यादव, बृजेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक-शिक्षकाए, छात्राए मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन सुशील श्रीवास्तव और आभार प्रदर्शन राजीव शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मे स्कूल की टॉपर कु भारती, कु त्रिवेणी, कु दीछा, कु रंजीता, कु अंजली, कु नेहा रैकवार अन्य छात्राओं का सम्मान किया गया।

# राज्यमंत्री श्री पटेल ने सुनी समस्याएँ



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ः 26 जुलाई। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने दमोह स्थित कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु निर्देशित किया।

# हृदय रोग बीमारी से जूझ रहे नैतिक पटेल की होगी सर्जरी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह ः 26 जुलाई। यह कहानी है दमोह जिले के बसुंधरा कॉलोनी में रहने वाले अशोक पटैल के परिवार की। जिनका बेटा नैतिक पढ़ाई लिखाई व खेल कूद में बहुत शौक रखता है। किंतु एक परेशानी हमेशा बनी रहती है कि कोई भी काम अधिक करता है तो उसकी सांस फूलने लगती है और बीमार पड़ जाता है। पहले तो सब ठीक था मगर समय के साथ नैतिक में निरंतर कमजोरी बनी रहती है। सर्दी-खांसी के साथ बार-बार बीमार पड़ जाता है, जिसे लेकर डाक्टर के पास जाना पड़ता है।



एक दिन आरबीएसके अर्बन टीम से डॉ. आरती पटेल व डॉ. रामेश्वर पटैल बसुंधरा नगर के आँगनबाड़ी केन्द्र पर बच्चों की स्क्रीनिंग करने पहुचे, तो वहां नैतिक की जांच की गई, जांच में डॉ. आरती ने पाया कि नैतिक को हृदय रोग से संबंधित समस्या लग रही है। इस कारण नैतिक को जिला अस्पताल दमोह के डीईआईसी में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. जलज बजाज को दिखाया। उन्होंने नैतिक को चैक करने उपरांत बताया हृदय रोग बीमारी होने से उसकी स्वास्थ्य में गिरावट आती रहती है, इसलिये नैतिक के हार्ट की सर्जरी हेतु हायर सेंटर भेजा जहां नैतिक के इलाज पर 95 हजार रूप खर्च बताया गया। इसका स्टीमेंट उनके पिता अशोक द्वारा डीईआईसी में अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ जमा किये जहां सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बेक, सिविल सर्जन डॉ. राजेश नामदेव, नोडल अधिकारी, एवं डीईआईसी मैनेजर द्वारा आवेदन को स्वीकृति प्रदाय करते हुये नैतिक के इलाज हेतु आरबीएसके मॉडल कॉस्टिंग पैकेज अंतर्गत 95 हजार की स्वीकृति प्रदाय की गई।

आज जब उनके पिता आर्डर की कॉपी लेने आये तो उन्होंने कहां की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मेरे बच्चे के इलाज हेतु राशि स्वीकृति हो गई है, अब सर्जरी के बाद मेरा बच्चा नैतिक ठीक हो जायेगा।

**राम मिश्रा कहते हैं रक्तदान ही जीवनदान है, करके देखें, अच्छा लगता है**

# श्री मिश्रा 36 बार कर चुके है रक्दान

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 26 जुलाई। रक्तदान जीवनदान सेवा समिति, रक्तदान सेवा समिति एवं और भी कई ऐसी समितियां है जो निरंतन रक्तदान कर रही है, उनमें एक राम मिश्रा भी है, जो कहते हैं रक्तदान ही जीवन दान है, करके देखे अच्छा लगता है, वे केहते है मुझे भी 36 बार रक्तदान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शैलैन्द्र जैन द्वारा भी रक्तदान किया गया है। शैलेन्द्र लगभग 10 से 11वीं बार रक्तदान कर चुके है।



राम मिश्रा ने कहते हैं जो अभी रक्तदान करने से डरते है, कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है या रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई कमी आ जाती है तो यह गलत है, यदि रक्तदान करने से कोई कमी या कमजोरी आती होती तो, 36 बार रक्तदान करने से मेरे अंदर भी कोई कमी या कमजोरी आ जाती। जैसे की मेरे अंदर कोई कमी नहीं आई है, रक्तदान करने वालों के अंदर भी कोई कमी नहीं आयेगी।

उन्होंने सभी से, मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से आग्रह करते हुये कहा है कि आप सभी रक्तदान करें और अन्य लोगों से भी रक्तदान करायें। दमोह में मात्र 20 प्रतिशत शहरी क्षेत्र है जबकि 80 प्रतिशत में ग्रामीण क्षेत्र है, यदि गांव के लोग रक्तदान नहीं करेंगे तो हम जैसे रक्तदान करने वाले लोग कितने मरीजों की व्यवस्था कर पायेंगे। उन्होंने सभी से पुनः आग्रह करते हुये कहा है कि रक्तदान अवश्य करें और करवायें।

# सत्य उजागर करती खबरों से पत्रकारों के जीवन पर खतरे का गहराया संदेह

## -खबरें रोके जाने को लेकर बरसाना के एक पत्रकार को फसाने की हो चुकी है नाकाम कोशिश

आलोक तिवारी

परिहार गर्जना न्यूज मथुरा। जनपद मथुरा से प्रमुख समाचार पत्रों में जिला संवाददाता के पद पर कार्यरत बरसाना निवासी एक पत्रकार द्वारा धार्मिक मुद्दों पर लिखी जा रही खबरों को रोकने का प्रयास करते हुए एक षड्यंत्र के तहत थाना बरसाना में पत्रकार के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्यवाही की मांग की गई थी। जिस तहरीर को थाना स्तर पर निराधार बताया गया और तहरीर देने वाले शख्स के द्वारा अपने कथन को प्रमाणित नहीं किए जाने की बात जांच अधिकारी द्वारा बताई गई थी। बावजूद इसके, जांच अधिकारी ने जांच करने में सहयोग करने की बात बोलते हुए जिला संवाददाता से हाल ही में प्रकाशित की गई तमाम खबरों को यह कहकर मांगा गया कि उनको खबरों को पढ़कर अपनी रिपोर्ट लगानी है। शिकायतकर्ता का नाम पूछने पर जांच अधिकारी द्वारा नाम नहीं बताते हुए किसी अनुयाई के होने की बात बोली गई थी। बताते चलें, कुछेक दिनों से जनपद मथुरा में धार्मिक स्थलों से जुड़े मुद्दों को लेकर गर्माएं माहौल को देखते हुए जनपद के समाचार पत्रों द्वारा इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। धार्मिक स्थलों से सार्वजनिक हो रहे मुद्दों पर ब्रज के लोगों का आक्रोश भी देखने को मिला है। चाहे वह पैसों के बदले मंदिरों में वीआईपी दर्शनों से जुडा हो या फिर कार्यक्रम के आयोजन में चर्चित संत द्वारा राधा स्वरुप धर श्रीकृष्ण से चरण दबवाने का मामला हो। ऐसे ही कई मामले धर्मनगरी मथुरा में चर्चाओं का विषय बने हुए हैं जिसमें प्रमुख रूप से ब्रह्मांचल पर्वत की प्राचीन शिलाखण्डों को खंडित करने और पर्वत के एक बड़े भू-भाग पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने से जुड़ा है। इन तमाम मुद्दों को लेकर जनपद के समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही खबरों से तिलमिलाए चोलाधारी व तथाकथित धर्मात्मा की औछी हरकत का परिचायक बनी पत्रकार को झूठे मामले में फसाने की मंशा से थाना बरसाना पुलिस में दी गई तहरीर से पत्रकारों के जीवन की सुरक्षा पर खतरे का संदेह गहराने लगा है कि चोलाधारियों व तथाकथित धर्मात्माओं द्वारा सत्य उजागर करते हुए लिखी जा रही खबरों को रोके जाने की कोशिशों के तहत कहीं भविष्य में पत्रकारों की जान पर ना बन आए। खबरों के प्रकाशन के बाद पत्रकारों के साथ होने वाले नकारात्मक व्यवहार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि पूर्व में विश्व स्तर पर दिल दहला देने वाले हुए कई मामलों का संज्ञान ले तो बंधक बनाकर कर रखे गए पत्रकारों के साथ हुए अमानवीय बर्ता, हुए जानलेवा हमलों के साथ जान गवा चुके पत्रकारों के किस्से इतिहास बनकर अतीत के पन्नों में दर्ज हैं।



उत्तर प्रदेश श्रम जीव पत्रकार यूनियन के उपाध्यक्ष मंत्रवीर चौधरी ने खबर पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पत्रकार के खिलाफ दी गई थाना बरसाना को तहरीर पर कहा कि यदि किसी प्रकार से पत्रकार का उत्पीड़न होना पाया जाता है तो हम सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को कतई बक्सा नहीं जाएगा।



लखनऊ से वरिष्ठ समाजसेवी विवेक शर्मा ने कहा कि ये तो सीधे सीधे सत्य उजागर करने वाले ईमानदार, कर्मठ कलम के सिपाहियों (पत्रकारों) की कर्तव्यनिष्ठा वाले पत्रकारों को रोकने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। सरकार ऐसे लोगों पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करे और जो कि स्वस्थ वातावरण हेतु आवश्यक भी होगा। इस मामले को डीजीपी व मुख्यमंत्री के निजी सचिव को अवगत कराया जाएगा।



वरिष्ठ अधिवक्ता, सर्वोच्च न्यायालय एन. के. गोस्वामी ने कहा कि कलम के सच्चे सिपाहियों पर ये बंदिशें लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है। ऐसे प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेकर पुलिस स्वयं अपने अधिकारों का अतिक्रमण कर रही है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने बृज भूषण बनाम दिल्ली राज्य (1950) मामले में इस बात को पुष्ट किया है कि प्रेस की स्वतंत्रता और गोपनीयता सहयोगी हैं और निगरानी का डर प्रेस पर एक हमला है। न्यायालय ने कहा कि प्रेस पर लगाम लगाने का कोई भी प्रयास स्पष्ट और वर्तमान खतरे पर आधारित होना चाहिए, न कि अस्पष्ट या दूरस्थ संभावनाओं पर।

# जामुनी नदी में टापू पर फंसे पांच व्यक्तियों को पुलिस एवं एस.डी.आर.एफ. की टीम ने रेस्क्यू कर सकुशल बाहर निकाला

## जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की दूरदर्शिता का रहा सुखद परिणाम



राजा खरे

***परिहार गर्जना न्यूज। निवाडी। जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक निवाडी ने पूर्व में समस्त थाना प्रभारियों को बरसात के समय में आने वाली समस्याओं से निपटने के लिये थाना स्तर पर थाना की टीम एवं एसडीआरएफ तथा ग्रामीण जन जो कि अच्छे तैराक थे की सूची मय मोवाईल नंबर कर संरक्षित करने हेतु आदेशित किया गया था जिससे आपातकालीन समस्या ( बाढ,जलभराव, एवं जलमग्न ) जैसी समस्याओं से निपट सकें।***

पहली घटना थाना पृथ्वीपुर अंतर्गत प्राप्त हुई कि जामनी नदी का जल स्तर बढने उसके बीच टापू पर चार व्यक्ति फंस गये है खबर मिलते ही थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही मौके पर जिला कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा एवं पुलिस अधीक्षक निवाडी डॉ राय सिंह नरवरिया पहुंचे एवं आवश्यक कार्यवाही करने में जन सामान्य से अपील की।

जामुनी नदी में जल स्तर अचानक बढ जाने से करीबन समय 17.30 बजे सूचना मिली की जामनी नदी के बहाव में 04 व्यक्ति फंसे हुये हैं सूचना की जांच पर थाना प्रभारी एवं बचाव दल थाने से रस्सी व टॉर्च, लाईफ जैकेट, ट्यूब लेकर रवाना हुआ वहां पर पूर्व से पुलिस सहायता केन्द्र पनिहारी से मौजूद बल के साथ पहुंचे वहा पहुचकर पुल के ऊपर से देखा नदी के बाहव तरफ एक टापू पर चार लडके खडे हुये थे चारो तरफ से नदी का बहाब बहुत तीव्र गति में था लाईफ जैकेट व ट्यूब वहा पहुचाना कठिन था साथी स्टाफ की मदद से पुल के पिलर से लेकर फसे लडको तक खडे पेड से एक रस्सी को बांधा गया दो तैराको सुनील व लाखन को गावं वालो की मदद से बुलवाया जो लाईफ जैकेट पहनकर लडको को बचाने के लिये उस तरफ गये परंतु नदी के तीव्र वहाब के कारण वो उनको नही निकाल पाये लडके काफी डरे हुये थे। मौके पर एसडीओपी पृथ्वीपुर पहुंची नदी के तीव्र बहाब को देखते हुये उनके द्वारा एसडीईआरएफ टीम को बुलवाने का निर्देश दिया जो कन्ट्रोल रूम को एसडीईआरएफ टीम भेजने हेतु बताया रक्षित निरीक्षक निवाडी द्वारा आवश्यक बल एवं एसडीआरएफ टीम प्रभारी पीयूष शर्मा के साथ कार्य तीव्रता से करने का आदेश दिया अंधेरा होने के कारण से रक्षित निरीक्षक द्वारा लाईट की व्यवस्था बुलबाई गई एसडीईआरएफ टीम द्वारा बोट की मदद से बडी मशक्कत से चारो लडको एवं उनको बचाने गये गोताखोरो को सुरक्षित बाहर निकाला गया निकालने के पश्चात चारों युवकों को परिजनों को सुपुर्द किया गया।

दूसरी घटना दिनांक 24.07.2024 को जिला निवाडी अंतर्गत थाना जेरोन अंतर्गत गोरीघाट भेलसी थाना जेरोन में प्रमोद रैयकवार उम्र 22 वर्ष जो कि वर्षा के अधिक होने से घाट पर वहाब तेज होने से फस गया। प्रमोद के फसने की खबर सुनकर मौके पर थाना जैरोन एवं एसडीआरएफ टीम के प्रभारी पियूष शर्मा ने एवं ग्रामीण जन के सहयोग से पूरी रात मसकत करने पर सुरक्षित निकाला गया। प्रमोद को निकालने के बाद मेडीकल चैकअप कराकर परीजनों को सुपुर्द किया गया।

यह पूरी कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पृथ्वीपुर पूनम थापा, थाना प्रभारी पृथ्वीपुर निरी0 पंकज मुदगल, थाना प्रभारी जैरोन विजय वर्मा, रक्षित निरीक्षक दीपक साहू एसडीआरआफ टीम प्रभारी पियूष शर्मा, थाना पृथ्वीपुर एवं जैरोन के पुलिस कर्मी सहित ग्रामीण जन का विशेष सहयोग से सम्पन्न हुई

***पुलिस अधीक्षक ने की जनसामान्य से अपील-***

पुलिस अधीक्षक निवाडी डॉ. नरवरिया ने मीडिया से बात करते हुये अपील की है कि वरसात के मौसम में अनावश्यक जंगल आदि में न घूमें, एवं नदी नलों में अचानक जल स्तर के बढ जाने से जान का खतरा रहता है इससे सावधानीपूर्वक समय रहते घर पर पहुंचे, एवं ग्रामीणजन से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को किसी सुरक्षित स्थान पर ही चरावें।

# जिला मुख्यालय पर आज मनाई जाएगी महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती आज नगर में पहली बार धूमधाम के साथ मनाए जाने की तैयारीया प्रजापति समाज द्वारा की जा रही है। शिक्षक सुरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि ब्रह्मा जी के मानस पुत्र महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का शुभारंभ बड़ी माता मंदिर से 11 बजे किया जाएगा तथा मुख्य बाजार में एवं अंबेडकर तिराहे से शोभायात्रा वापस घुघुआ रोड स्थित सतीश मैरिज गार्डन पर पहुंचेगी जहां माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामदयाल प्रजापति एवं विधानसभा क्षेत्र निवाड़ी के विधायक अनिल जैन की उपस्थिति में महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती का मुख्य समारोह में आयोजित किया जाएगा। शिक्षक सुरेंद्र प्रजापति द्वारा बताया गया कि नगर में पहली बार महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई जा रही है जिसके लिए समस्त प्रजापति समाज के सहयोग से जयंती मनाए जाने की तैयारीया की जा रही हैं।

# अजाक्स संघ की जिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष जे एन कंसौटिया से प्राप्त दिशा निर्देश के बाद अजाक्स संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत वंशकार के द्वारा जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है जिसमें बहादुर अहिरवार सहायक वर्ग एक एवं एम डी अहिरवार जन शिक्षक को जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर सी मलारया, माध्यमिक शिक्षक उमाशंकर अहिरवार अमन लाल अहिरवार शोभाराम सौर उच्चतर माध्यमिक शिक्षक चेतराम कोरी माध्यमिक शिक्षक मुकेश कुमार वंशकार प्राथमिक शिक्षक सुरेंद्र कुमार वंशकार एवं प्राथमिक शिक्षक गुलाब अहिरवार को जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। अजाक्स संघ की जिला कार्यकारिणी में मनोनीत सभी पदाधिकारीयो को नगर के गणमान्य नागरिकों के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

# आदतों में छोटे-छोटे बदलाव कर स्वच्छता के सहभागी बनें- कलेक्टर

**-स्वच्छता समग्र क्षमतावर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन**
**-चार जिलों के सीएमओ, उपयंत्री एवं स्वच्छता नोडल हुए शामिल**
**-कल करेंगे एक्सपोजर विजिट, थ्री स्टार रेटिंग में शामिल होने पर छतरपुर निकाय करेगा प्रतिनिधित्व**






छतरपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत स्वच्छता समग्र क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ कलेक्टर संदीप जी.आर. के मुख्यातिथ्य में दीपप्रज्जवलन कर किया गया। कार्यशाला में छतरपुर शहर सहित संभाग के सभी निकायों की स्वच्छता रेटिंग को बढ़ाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। छतरपुर शहर को संभाग में स्वच्छता की थ्री स्टार रेटिंग मिलने पर चार जिलों की कार्यशाला आयोजित करने का मौका मिला है। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की आधारभूत जानकारी, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में संभागीय प्रदर्शन और नगर परिषदों की रैंकिंग, निकायवार अंतर विश्लेषण, नाले नालियों में इंटरसेप्शन एण्ड डायवर्जन सहित सीवेज ट्रीटमेंट तकनीकि, अपशिष्ट संग्रहण प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, मानव संसाधन प्रबंधन आदि बिन्दुओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष छतरपुर ज्योति चौरसिया, संयुक्त संचालक राजेश श्रीवास्तव, पीओडूडा साजिदा कुरैशी, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित टीकमगढ़, पन्ना, निवाड़ी जिले के पीओडूडा, सीएमओ, उपयंत्री, स्वच्छता नोडल और स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसडर उपस्थित रहे। दूसरे दिवस मे कार्यशाला के अंतर्गत अधिकारियों द्वारा शहर की एक्सपोजर विजिट की जाएगी। कलेक्टर श्री जी.आर. ने छतरपुर निकाय को मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एवं अर्बन अफेयर्स भारत सरकार द्वारा जारी नवीन गार्बेज फ्री सिटीज की रेटिंग में 3 स्टार प्राप्त होने पर निकाय की स्वच्छता टीम को बधाई दी।




**लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रभावी रूप से करें जागरूक**
**अंधेरे वाली जगह में लाइटिंग का स्वच्छता में अहम रोल**

कलेक्टर ने कहा कि हमें छोटे-छोटे बदलाव कर लोगों की आदतों को बदलना है ताकि जनता को स्वच्छ माहौल मिल सके। उन्होंने कहा सीएमओ और सफाई की टीम का स्वच्छता में अहम योगदान होता है। कचरा कहां डालना है लोगों को पता होना चाहिए। इसके लिए प्रभावीरूप से नागरिकों को जागरूक किया जाए। शौचालयों एवं अन्य ऐसे स्थान जहां अंधेरा रहता है तो वहां लाइट लगाएं। जिससे लोग ऐसे स्थानों पर कचरा नहीं फेंके। लाइटिंग का स्वच्छता में अहम रोल है।

कलेक्टर ने कहा सही स्थानों पर डस्टबिन एवं लिटरबिन लगाए जाएं। उन्होंने वार्ड के व्हाट्सएप ग्रुप में आमलोगों को जोड़े और डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्राइवर अपनी लाइव लोकेशन ग्रुप में डालें। जिससे लोगों को कचरा वाहन आने की सटीक जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा जीरो वेस्ट एवं प्लास्टिक फ्री की ओर शहर को ले जाएं। उन्होंने कहा ऐसी व्यवस्था करें जिससे छतरपुर निकाय की स्वच्छता मशीनों को अन्य निकाय भी किराए पर हफ्ते में एक दिन के लिए ले सके। जिससे समग्र क्षमतावर्धन से हम स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में टॉप पर पहुंच सकें। इस अवसर पर स्व सहायता समूहों द्वारा अनुपयोगी सामग्री से तैयार की गयी सामग्री के स्टॉल का कलेक्टर श्री जी.आर. द्वारा निरीक्षण करते हुए कार्य की सराहना की गई।

***चार जिलों के 34 निकाय देखेंगे शहर का स्वच्छता मॉडल***

कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में 2023 में स्वच्छता के क्षेत्र में हुए कार्यों में छतरपुर निकाय को संभाग में नवीन गार्बेज फ्री सिटीज की रेटिंग में 3 स्टार प्राप्त हुई। जिससे यहां किए गए स्वच्छता कार्य, विशेष एक्टिविटी एवं स्वच्छता मॉडल को छतरपुर जिले सहित टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना के 34 निकायों के सीएमओ, उपयंत्री, स्वच्छता नोडल को शहर का एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। जिसमें आवीसीय क्षेत्र में भ्रमण, डोर टू डोर संग्रहण, पृथक्करण और सफाई, जलीयसंरचना बड़ातालाब क्षेत्र का अवलोकन, आत्मनिर्भर वार्ड का भ्रमण, पार्क, एमआरएफ, कंपोस्टिंग, फिलस्लजट्रीटमेंट एवं निर्माण एवं विध्वंस इकाईयों का भ्रमण कराया जाएगा।

### जानराय टौरिया स्थित मंदिर परिसर में बजरंग बली की 51 फिट ऊंची प्रतिमा का निर्माण पूर्णता की ओर

## नपाध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया प्रतिमा का अवलोकन

छतरपुर। शहर की जानराय टौरिया पर स्थित अजानुभुज सरकार मंदिर परिसर में अष्टाधातु से बजरंगबली की 51 फिट ऊंची प्रतिमा का निर्माण कराया जा रहा है। प्रतिमा का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में हैं और जल्द ही प्रतिमा पूर्ण आकार लेकर तैयार हो जाएगी। शुक्रवार को छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष सहित आधा दर्जन पार्षदों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर आहूती दी तथा अब तक बनकर तैयार हुई प्रतिमा का अवलोकन किया।



शाम करीब 5 बजे छतरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया, पार्षद आस्था गोस्वामी, शिवानी चौरसिया, सुनील वर्मा, दीपेंद्र असाटी, बिट्टू चौरसिया, अरविंद गोस्वामी आदि ने जानराय टौरिया पहुंचकर सर्वप्रथम मंदिर में माथा टेका। तदुपरांत समाजसेवी राजेन्द्र अग्रवाल और मंदिर के महंत भगवानदास श्रंगारी की मौजूदगी में निर्माण स्थल पर तैयार किए जा रहे अष्टाधातु के द्रव्य में अपनी ओर से आहुति दी। इसके साथ ही उक्त जनप्रतिनिधियों ने तैयार की जा रही बजरंगबली की प्रतिमा का अवलोकन भी किया। नगर पालिका अध्यक्ष सहित उपस्थित पार्षदों ने इस धार्मिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि बजरंगबली की यह प्रतिमा छतरपुर शहर को नई पहचान देने का कार्य करेगी। जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रंगारी ने बताया कि संकट मोचन हनुमान जी की संपूर्ण भारत वर्ष में अष्टधातु से निर्मित इतनी बड़ी प्रतिमा कहीं नहीं है। छतरपुर पहला ऐसा शहर है जहां 51 फीट ऊंची बजरंगबली की प्रतिमा स्थापित होने जा रही है। उन्होंने बताया कि राजस्थान के जयपुर शहर से आए कारीगरों द्वारा प्रतिमा को अंतिम रूप प्रदान किया जा रहा है, जल्द ही प्रतिमा का निर्माण कार्य पूर्ण होने की संभावना है। महंत श्रंगारी महाराज ने शहरवासियों से इस पुनीत कार्य का भागीदार बनने की अपील भी की।

## डीसेंट इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मनाया गया कारगिल विजय दिवस



छतरपुर। आज 26 जुलाई को डीसेंट पब्लिक स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चे सैनिकों की पोशाक में थे और कई बच्चों में अपने हाथ में तिरंगे और ताई ने गन दे रखी थी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री राजीव जैन, जो कि एक पूर्व सैनिक भी है, ने कारगिल युद्ध के बारे में बच्चों को व्याख्यान दिया। स्कूल के डायरेक्टर श्री अशोक दुबे एवं मयूरी दुबे ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कारगिल शहीद दिवस की 25वीं वार्षिकी पर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती श्रद्धा नगाइच ने बच्चों के साथ उत्साह पूर्वक इस कार्यक्रम की तैयारी की थी, कार्यक्रम की साज सज्जा में साक्षी गुप्ता ,मधु अग्रवाल,श्वेता रावत, रचना शर्मा अर्चना मिश्रा रोशनी खान,उज़्मा हाशमी, शुभी चौधरी ने महत्तवपूर्ण योगदान दिया. भारत माता की जय के उदघोष के साथ इस कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## सुमति अकादमी में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

छतरपुर। शहर के सुमति अकादमी में विद्यार्थियो के लिए नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। खुराना आई अस्पताल से डॉ कपिल खुराना एवं श्रीमति निधि खुराना ने बच्चों की ऑंखों की जांच की। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों की आंखों की स्वास्थ्य जांच करना और उनकी आंखों की समस्याओं को समय पर पहचानना था। मोबाईल के बढ़ते उपयोग से बच्चों की ऑंखों में कमजोरी आना एवं वस्तुयें अस्पष्ट दिखना आम बात हो गई है कक्षा नर्सरी से 12 तक सभी बच्चों की जांच की गई। बच्चों को आंखों की देखभाल करने के बारे में विस्तार से समझाया। बच्चों को संतुलित भोजन खाने और एक्सरसाइज करने की प्रेरणा दी इसके अलावा बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम बच्चों की आंखो की देखभाल के प्रति जागरुकता लाने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक विद्यालय के चेयरमेन श्री सोमिल अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमति भावना अग्रवाल एवं प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा ने बच्चों की सेहत के बारे में कुछ विशेष सुझाव भी दिए।



## मारपीट की घटना का फरार आरोपी धीरेन्द्र यादव गिरफ्तार

छतरपुर। थाना गढ़ी मलहरा क्षेत्र के ग्राम पिड़पा निवासी धीरेंद्र उर्फ गन्नू यादव पिता घासीराम यादव वर्ष 2019 में मारपीट व जान से मारने की धमकी के प्रकरण में फरार था। न्यायालय द्वारा विगत माह फरार आरोपी के विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी धीरेंद्र उर्फ गन्नू यादव निवासी ग्राम पिड़पा एक आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध वर्ष 2018 से लेकर वर्ष 2024 तक मारपीट, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी व एससी एसटी एक्ट के 6 अपराध पंजीबद्ध हैं। आदतन अपराधी को गुंडा लिस्टेड सूची में भी शामिल किया गया है। उक्त आदतन आरोपी, स्थाई वारंटी, गुंडा लिस्टेड बदमाश धीरेंद्र यादव उर्फ गुन्नू को थाना गढ़ी मलहरा पुलिस ने गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया। अभियुक्त को न्यायालय पेशकर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गढ़ीमलहरा निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, सहायक उप निरीक्षक भैया लाल, प्रधान आरक्षक प्रदीप तिवारी, आरक्षक प्रताप एवं थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**संपादक मंडल**
अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार सह संपादक, दद्दा ललौनी, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321